भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
10.03.2021 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2729 का उत्तर

वशिम-बडनेरा रेल मार्ग

2729. श्रीमती नवनित रवि राणा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का मध्य भारत के बनहाड (बरार) प्रांत में अत्यंत पिछड़े वशिम जिले, जो खेती की दृष्टि से किसानों के कब्र के रुप में कुख्यात है, में संपर्क साधनों में सुधार लाने और किसानों को सुविधाएं प्रदान करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा वशिम-बडनेरा रेल मार्ग के कार्यों को कब तक शुरु किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या वर्ष 2015 में इसके लिए सर्वेक्षण की मंजूरी दी गई थी लेकिन यह वर्ष 2020 तक भी पूरा नहीं किया गया है;

(घ) यदि हां, तो उक्त कार्य के पूरा होने वाले विलम्ब के क्या कारण हैं; और

(ड.) उक्त कार्य के कब तक शुरु होने की संभावना है और वशिम जिले और पूर्ववर्ती मराठवाड़ा जिले को कब तक जोड़ा जाएगा?

उत्तर

रेल, वाणिज्य एवं उद्योग और
उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क): वाशिम रेलवे नेटवर्क पर पहले से ही जुड़ा हुआ है। वाशिम स्टेशन अकोला-पुर्णा रेलवे लाइन पर स्थित है।

(ख) और (ग): नारखेड़-वाशिम(बधनेरा-वाशिम) के लिए सर्वेक्षण वर्ष 2016-17 में स्वीकृत किया गया था। फील्ड सर्वेक्षण संबंधी कार्य पूरा हो गया है।

(घ) और (ङ): प्रश्न नहीं उठता, चूंकि परियोजना स्वीकृत नहीं है।

*****